चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.8.25 | 4 | 3-4 |


# एचएयू के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू



**हिसार** | एचएयू में कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि, ज्ञान एवं कौशल विकास करने के उद्देश्य से सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति व उन्नति में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। सीखना एक निरन्तर प्रक्रिया है। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि गैर शिक्षक कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन चरणों में प्रशिक्षण किया जाएगा जिसमें जिसमें 123 कर्मचारी भाग लेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30.8.25 | 5 | 1-3 |

# प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्य कुशलता, ज्ञान व कौशल का विकास होता है : प्रो. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रतिभागियों के साथ।

## हकृवि के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू

हिसार, 29 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि, ज्ञान एवं कौशल विकास करने के उद्देश्य से सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति व उन्नति में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। सीखना एक निरन्तर प्रक्रिया है। इसलिए व्यक्ति को लग्न, मेहनत, अनुशासन, संकल्प, एकाग्रता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा आज के समय में प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से बदलाव हो रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेहनत, ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से हम हर चुनौती का मुकाबला करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, तरीकों एवं नियमों की जानकारी देनें के लिए विश्वविद्यालय एक बड़ा प्लेटफार्म है जहां समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रशिक्षण से गुणवत्ता में सुधार होता है। प्रशिक्षित कर्मचारी आत्मविश्वास और संतोष के साथ अपना कार्य करते हैं।

उन्होंने बताया कि इससे कर्मचारियों में आपसी तालमेल, बदलती तकनीक, नीतियों और कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य करने की क्षमता में बढ़ोतरी होती है। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ रमेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि गैर शिक्षक कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन चरणों में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिसमें 123 कर्मचारी भाग लेंगे। इस दौरान उन्हे हरियाणा सामान्य सेवा नियम, विश्वविद्यालय के एक्ट एंड स्टेट्यू, इनकम टैक्स नियम, अकाउंट कोड वोल्यूम 1 व 2, जैम व ई-टेंडरिंग, यात्रा भत्ता नियम, छुट्टी के लिए नियम, पीडब्ल्यू डी कोड आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। मंच का संचालन डॉ. अनुराग ने किया जबकि डॉ. जितेन्द्र भाटिया ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष व कर्मचारी उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 30.8.23 | 11 | 3-7 |

### मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू

# किसी भी संस्थान की तरक्की में कर्मचारियों की बड़ी भूमिका

■ संस्थान की प्रगति व उन्नति में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज प्रतिभागियों के साथ।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि, ज्ञान एवं कौशल विकास करने के उद्देश्य से सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. कम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति व उन्नति में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसलिए व्यक्ति को लग्न, मेहनत, अनुशासन, संकल्प, एकाग्रता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा आज के समय में प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से बदलाव हो रहा है।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि गैर शिक्षक कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन चरणों में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। मंच का संचालन डॉ. अनुराग ने किया जबकि डॉ. जितेन्द्र भाटिया ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पाठक पक्ष | 29.08.2025 | -- | -- |

# प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्य कुशलता, ज्ञान एवं कौशल का विकास होता है : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू

-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 29 अगस्त : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि, ज्ञान एवं कौशल विकास करने के उद्देश्य से सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।



कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति व उन्नति में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। सीखना एक निरन्तर प्रक्रिया है। इसलिए व्यक्ति को लगन, मेहनत, अनुशासन, संकल्प, एकाग्रता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा आज के समय में प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से बदलाव हो रहा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेहनत, ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से हम हर चुनौती का मुकाबला करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, तरीकों एवं नियमों की जानकारी देने के लिए विश्वविद्यालय एक बड़ा प्लेटफार्म है जहां समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रशिक्षण से गुणवत्ता में सुधार होता है।

प्रशिक्षित कर्मचारी आत्मविश्वास और संतोष के साथ अपना कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि इससे कर्मचारियों में आपसी तालमेल, बदलती तकनीक, नीतियों और कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य करने की क्षमता में बढ़ोतरी होती है।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ रमेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि गैर शिक्षक कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन चरणों में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिसमें 123 कर्मचारी भाग लेंगे।

इस दौरान उन्हें हरियाणा सामान्य सेवा नियम, विश्वविद्यालय के एक्ट एंड स्टेच्यूट, इनकम टैक्स नियम, अकाउंट कोड वोल्यूम 1 व 2, जैम व ई-टेंडरिंग, यात्रा भत्ता नियम, छुट्टी के लिए नियम, पीडब्ल्यू डी कोड आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। मंच का संचालन डॉ. अनुराग ने किया जबकि डॉ. जितेन्द्र भाटिया ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष व कर्मचारी उपस्थित रहे।